# ग्रामीणों को सशक्त बनाने ग्राम बेला में लगाया वित्तीय साक्षरता शिविर

भास्कर न्यूज | टीकमगढ़

जन सुरक्षा सैचुरेशन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेला विकासखंड पलेरा जिला टीकमगढ़ में वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय रिजर्व बैंक भोपाल के महाप्रबंधक हेमंत सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर ग्रामीणों को वित्तीय रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुआ। शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। वहीं पुरुषों ने भी सहभागिता दर्ज कराई। प्रतिभागियों को आर-केवाईसी की अनिवार्यता के बारे में जागरूक किया गया। बताया गया कि खातों में आर-केवाईसी अद्यतन न होने पर वे इनऑपरेटिव हो जाते हैं, जिससे बीमा, पेंशन, सब्सिडी जैसी शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता। नियमित केवाईसी अपडेट बैंकिंग लेन-देन की निरंतरता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। शिविर में क्षेत्रीय प्रबंधक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक सुरेन्द्र सिंह मीना, शाखा प्रबंधक पलेरा सुरेन्द्र रावत, शाखा प्रबंधक लारौन एलएन सौर, नरेंद्र यादव, पूरन लाल यादव, वित्तीय साक्षरता प्रतिनिधि आरोह फाउंडेशन बल्देवगढ़ बृजेन्द्र यादव उपस्थित रहे।



टीकमगढ़ | वित्तीय साक्षरता शिविर के दौरान चर्चा करते अतिथि।